Budding Stars
A Great Beginning...

स्वर ज्ञान के लिए हिन्दी की पाठ्य-पुस्तक

# पहल
## स्वर




दया गोयल
एम.ए.(हिन्दी), बी.एड.






EDUCATION LEADS
PETERSON PRESS
Behind Silver Line School, Laxmipuram, Rajpur Chungi, AGRA - 282001
A Unit of
NAMAN PUBLISHING (INDIA) PVT. LTD.

स्वर ज्ञान के लिए हिन्दी की पाठ्य-पुस्तक

# पहल स्वर



## विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | वर्णमाला | 3 |
| 2. | दो वर्णों वाले बिना मात्रा के शब्द | 5 |
| 3. | तीन वर्णों वाले बिना मात्रा के शब्द | 7 |
| 4. | चार वर्णों वाले बिना मात्रा के शब्द | 9 |
| 5. | 'अ' की मात्रा | 11 |
| 6. | 'आ' की मात्रा (ा) | 12 |
| 7. | 'इ' की मात्रा (ि) वाले शब्द | 14 |
| 8. | 'ई' की मात्रा (ी) वाले शब्द | 16 |
| 9. | 'उ' की मात्रा (ु) वाले शब्द | 18 |
| 10. | 'ऊ' की मात्रा (ू) वाले शब्द | 20 |
| 11. | 'ऋ' की मात्रा (ृ) वाले शब्द | 22 |
| 12. | 'ए' की मात्रा (े) वाले शब्द | 24 |
| 13. | 'ऐ' की मात्रा (ै) वाले शब्द | 26 |
| 14. | 'ओ' की मात्रा (ो) वाले शब्द | 28 |
| 15. | 'औ' की मात्रा (ौ) वाले शब्द | 30 |
| 16. | 'अं' की मात्रा (ं) वाले शब्द | 32 |
| 17. | 'चंद्रबिंदु' की मात्रा (ँ) वाले शब्द | 34 |
| 18. | 'अः' की मात्रा (ः) (विसर्ग) वाले शब्द | 36 |
| 19. | 'र्-रेफ' की मात्रा (र्) वाले शब्द | 38 |
| 20. | 'र-पदेन' की (्र, ्र) वाले शब्द | 40 |
| 21. | आधे अक्षर वाले शब्द | 42 |
| 22. | संयुक्त वर्ण (क्ष, त्र, ज्ञ, श्र) का प्रयोग | 44 |
| 23. | बारहखड़ी | 46 |
| 24. | मेरा घर | 48 |
| 25. | सब्जियाँ और फल | 50 |
| 26. | कैलेंडर | 51 |
| 27. | चित्र अध्ययन | 52 |
| 28. | कहानी | 53 |
| 29. | कविता | 54 |

# 1 वर्णमाला

## स्वर

जिन वर्णों की मात्राएँ लगाई जाती हैं,वे **स्वर** कहलाते हैं। 'अ' वर्ण का कोई मात्रा चिह्न नहीं होता। इसके बारे में आप पृष्ठ संख्या 11 पर पढ़ेंगे।

| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ा | ि | ी | ु | ू | ृ | े | ै | ो | ौ | ं | ः |

अयोगवाह

## व्यंजन

जिन वर्णों पर मात्राएँ लगाई जाती हैं, वे **व्यंजन** कहलाते हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ | क वर्ग |
| च | छ | ज | झ | ञ | च वर्ग |
| ट | ठ | ड | ढ | ण | ट वर्ग |
| त | थ | द | ध | न | त वर्ग |
| प | फ | ब | भ | म | प वर्ग |
| य | र | ल | व | | |
| श | ष | स | ह | | |
| क्ष | त्र | ज्ञ | श्र | | संयुक्त व्यंजन |
| ड़ | ढ़ | | | | अतिरिक्त व्यंजन |

# अभ्यास

✦ **रिक्त स्थान भरो–**

अ ___ ___ ___ उ ___ ऋ

___ ऐ ___ औ ___ अः

क ___ ग ___ ___ च ___ ज

___ ञ ___ ___ ड ___ ___ त

___ द ___ ___ ___ फ ___ ___

म ___ र ल

___ ___ ष ___

ह ___ त्र ___

___ ___ ढ़



# 2 दो वर्णों वाले बिना मात्रा के शब्द






न + ल = नल | फ + ल = फल | व + क = वक | र + थ = रथ

## शब्दों को बोलकर पढ़ो

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घन | जन | तन | थन | धन | बन | मन | वन |
| अब | कब | जब | सब | दब | रब | तब | टब |
| दम | बम | कम | हम | गम | जम | तम | थम |
| कल | चल | बल | पल | हल | खल | तल | थल |

## वाक्यों को बोलकर पढ़ो

सच कह। डर मत। खत पढ़। जग भर।
फल चख। घर चल। लड़ मत। टब रख।
रथ पर चढ़। नल पर चल। अब जल भर।
खट खट मत कर। यश छत पर मत चढ़।



# अभ्यास



✦ अक्षरों को मिलाकर शब्द बनाओ–

ह, न, ज → ल

व, म, त → न

ब, र, द → स

✦ पढ़ो और लिखो–

जल भर।

खत पढ़।

रस चख।

घर पर चल।

अब थक मत।

रथ पर चढ़।

वट पर मत चढ़।

जय नल पर टब भर।

✦ चित्र देखकर उनके नाम लिखो–










# 3 तीन वर्णों वाले बिना मात्रा के शब्द









| | | | |
|---|---|---|---|
| क + म + ल = कमल | ह + व + न = हवन | ब + त + ख = बतख | म + ट + र = मटर |

## शब्दों को बोलकर पढ़ो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नहर | पहर | शहर | ठहर | कहर | जहर |
| गरम | करम | धरम | परम | शरम | नरम |
| अटक | भटक | लटक | पटक | मटक | कटक |
| भड़क | धड़क | कड़क | सड़क | फड़क | तड़क |

## वाक्यों को बोलकर पढ़ो

पवन चल। शहद चख। कमल रख। शहर चल। सफल बन। करम कर। शरम कर। अब टहल। भगत भजन कर। पलक मत झपक। गरम मटर चख। मदन नकल मत कर। अजय नहर पर मत भटक।



# अभ्यास

✦ **अक्षरों को मिलाकर शब्द बनाओ–**

| | | |
|---|---|---|
| न, च, र → **मन** | ल, झ, क → **पट** | श, न, प → **हर** |

✦ **पढ़ो और लिखो–**

भगत चल।

हवन कर।

टहल मत।

नकल मत कर।

बहस मत कर।

अब शहद चख।

नहर पर मत भटक।


अब धरम पर मत झगड़।

✦ **चित्र देखकर उनके नाम लिखो–**









# 4 चार वर्णों वाले बिना मात्रा के शब्द






| | | | |
|---|---|---|---|
| प + न + घ + ट = | श + ल + ज + म = | थ + र + म + स = | ब + र + त + न = |
| पनघट | शलजम | थरमस | बरतन |

## शब्दों को बोलकर पढ़ो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नटखट | जमघट | झटपट | खटपट | सरपट | करवट |
| उलझन | उपवन | उबटन | पलटन | बचपन | पचपन |
| चमचम | टमटम | दमदम | हमदम | शबनम | मरहम |
| खटमल | मखमल | कटहल | पलवल | दमकल | अटकल |

## वाक्यों को बोलकर पढ़ो

अचकन पहन। शरबत चख। तरकश रख। झटपट चल। कसरत कर। सरकस चल। कटहल रख। शलजम चख। थरमस पकड़। टमटम पर चढ़। मनहर शहद चख। दशरथ अजगर मत पकड़। अब झटपट पनघट तक चल।



# अभ्यास

✦ **अक्षरों को मिलाकर शब्द बनाओ–**

| | | |
|---|---|---|
| कटह | → ल → | |
| दमक | | |
| खटम | | |

| | | |
|---|---|---|
| सरग | → म → | |
| शलज | | |
| मरह | | |

✦ **पढ़ो और लिखो–**

अदरक चख।

तरकश रख।

सरकस चल।

पनघट पर चल।

अब कसरत कर।

टमटम पर चढ़।

बरगद पर मत लटक।

यश अब भगदड़ मत कर।

✦ **चित्र देखकर उनके नाम लिखो–**









# 5 'अ' की मात्रा

स्वर 'अ' की मात्रा अलग से नहीं लगती। यह प्रत्येक व्यंजन में पहले से जुड़ा रहता है।

✦ यदि व्यंजन में से 'अ' स्वर निकाल दें, तो वह व्यंजन आधा रह जाता है।

ग – अ = ग् या ग्

ल – अ = ल् या ल्

✦ आधे व्यंजन में 'अ' स्वर जोड़ने पर वह व्यंजन पूरा हो जाता है।

ग् + अ = ग या ग् + अ = ग

ल् + अ = ल या ल् + अ = ल

✦ चित्र देखो और शब्द पढ़ो–



वक



फल



जग




कमल



हवन



बतख




कटहल



थरमस

# 6 'आ' की मात्रा ( ा ) वाले शब्द

|  |  |  |  |
|---|---|---|---|
| ज + ा + ल = | क + ा + र = | अ + न + ा + र = | ट + म + ा + ट + र = |
| जाल | कार | अनार | टमाटर |

## मिलाकर लिखो व पढ़ो

| | | |
|---|---|---|
| च + ा + र = ______ | ध + ा + म = ______ | ब + ा + ल = ______ |
| छ + ा + त + ा = ______ | त + ा + ल + ा = ______ | म + ा + म + ा = ______ |

## शब्दों को बोलकर पढ़ो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हार | काम | चाक | दादा | नाना | पापा |
| बादल | चावल | काजल | गमला | बाजरा | घाघरा |
| समाचार | अखबार | दरबार | बलवान | भगवान | पकवान |

## वाक्यों को बोलकर पढ़ो

गाना गा। खाना पका। बाजा बजा। बादल छाया। छाता ला। माला शाल ला। राजन हलवा लाया। कमला ताला लगा। चाचा का अखबार ला। गाजर का हलवा बनाकर ला।



# अभ्यास


✦ **चित्र देखकर उनके नाम लिखो–**






✦ **चित्र पहचानकर नाम पूरे करो–**






___क ___न ___थ ___व


✦ ◯ **में दिए गए वर्ण पर 'आ' की मात्रा (ा) लगाकर शब्दों को पुनः लिखो–**

(र) रम रजा रत बारत नारज रधा

✦ **अभ्यास-पुस्तिका में साफ-साफ लिखो–**

राधा छाता सावन बादल जहाज आसमान

# 7 'इ' की मात्रा (ि) वाले शब्द



ि + द + ल = **दिल**




ि + ट + क + ट = **टिकट**



ि + ह + र + न = **हिरन**



ि + ग + र + ि + ग + ट = **गिरगिट**

## मिलाकर लिखो व पढ़ो

ि + ग + ला + स = ______ ि + द + न = ______ ि + च + ि + ड़ + या = ______

ि + क + ता + ब = ______ ि + प + न = ______ ि + ब + ि + ट + या = ______

## शब्दों को बोलकर पढ़ो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कवि | छवि | रवि | मिल | हिल | बिल |
| सितार | गिटार | किरन | हिसाब | पालिश | मालिश |
| रविवार | शनिवार | परिवार | अधिकार | किशमिश | झिलमिल |

## वाक्यों को बोलकर पढ़ो-

दिन निकला। रवि उठा। हरि चल। पिन रख। रवि पढ़। अमित सितार ला। अनिल गिटार बजा। विकास किताब पढ़। कविता दिन निकल आया। किशन कल पिकनिक पर गया।




# अभ्यास



✦ **चित्र देखकर उनके नाम लिखो–**











✦ **चित्र पहचानकर नाम पूरे करो–**









___ताब    ___तार    ख___या    त___या

✦ **◯ में दिए गए वर्ण पर 'इ' की मात्रा (ि) लगाकर शब्दों को पुनः लिखो–**

ⓥ व

रव    कव    छव    अव    सवता    कवता

✦ **अभ्यास-पुस्तिका में साफ-साफ लिखो–**

चिराग    हिसाब    मिठास    किशन    चिकना    पहिया

# 8 'ई' की मात्रा ( ी ) वाले शब्द



प + र + ी =
परी



ल + ी + च + ी =
लीची



द + ी + प + क =
दीपक



ना + श + पा + त + ी =
नाशपाती

## मिलाकर लिखो व पढ़ो

| | | |
|---|---|---|
| त + ी + र = ______ | ह + र + ी = ______ | स + ी + ट + ी = ______ |
| प + न + ी + र = ______ | ग + ग + र + ी = ______ | दि + वा + ल + ी = ______ |

## शब्दों को बोलकर पढ़ो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नील | कील | खील | झील | खीर | धीर |
| जननी | छलनी | चटनी | शीतल | मालती | आरती |
| सरकारी | तरकारी | बरसाती | सहपाठी | गीतावली | दीपावली |


## वाक्यों को बोलकर पढ़ो

थाली पकड़। दीपक जला। आरती कर। खीर खा। गीत गा। शीतल वीणा बजा। सीमा ककड़ी खा। मालती साड़ी ला। मीरा खील खा। नीरा मीठा पपीता खा। टीना पानी भरकर गगरी ला।




# अभ्यास

✦ चित्र देखकर उनके नाम लिखो–

✦ चित्र पहचानकर नाम पूरे करो–

बक____ ____वार प____ता चपरा____

✦ ◯ में दिए गए वर्ण पर 'ई' की मात्रा ( ी) लगाकर शब्दों को पुनः लिखो–

(ल) फल कल तील नील पील चल

✦ अभ्यास-पुस्तिका में साफ-साफ लिखो–

चीता झील तीर मछली लकड़ी चटनी

# 9 'उ' की मात्रा ( ु ) वाले शब्द



ध + न + ु + ष =
धनुष



क + छ + ु + आ =
कछुआ



ग + ु + ला + ब =
गुलाब



ब + ु + ल + ब + ु + ल =
बुलबुल

## मिलाकर लिखो व पढ़ो

| | | |
|---|---|---|
| ग + ु + ण = ______ | प + ु + ल = ______ | ख + ु + श = ______ |
| श + ग + ु + न = ______ | न + क + ु + ल = ______ | म + ध + ु + र = ______ |

## शब्दों को बोलकर पढ़ो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुख | युग | भुजा | तुला | बुआ | साधु |
| पुलिस | बटुआ | साबुन | बुढ़िया | चुहिया | पुड़िया |
| अनुपम | गुमसुम | चुनमुन | कुमकुम | फुलवारी | युवराज |

## वाक्यों को बोलकर पढ़ो

सुमन चल। दातुन कर। साबुन ला। गुड़िया आई। गुलाब लाई। अतुल जामुन खा। मुकुल खुश रह। मधु कुरसी ला। गुमसुम मत रह। बुलबुल का गाना सुन। युवराज की बुआ सुषमा आई।



# अभ्यास

✦ चित्र देखकर उनके नाम लिखो–

✦ चित्र पहचानकर नाम पूरे करो–

____ड़िया ____ढ़िया ____हिया ____लिस


✦ ◯ में दिए गए वर्ण पर 'उ' की मात्रा ( ु ) लगाकर शब्दों को पुनः लिखो–

(न) अन मन तन अनज धनष मनज

✦ अभ्यास-पुस्तिका में साफ-साफ लिखो–

सुख मुख सुर कुसुम कुटिया गुनगुन

# 10 'ऊ' की मात्रा ( ू ) वाले शब्द



आ + ल + ू =
आलू



फ + ू + ल =
फूल



स + ू + र + ज =
सूरज



क + ब + ू + त + र =
कबूतर

## मिलाकर लिखो व पढ़ो

| | | |
|---|---|---|
| ध + ू + प = ______ | म + ू + ल = ______ | ज + ू + ता = ______ |
| क + प + ू र = ______ | स + ू + च + ना = ______ | पा + ल + त + ू = ______ |

## शब्दों को बोलकर पढ़ो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कूप | भूप | सूप | बाजू | चूना | झूठा |
| कूदना | भूलना | मसूर | खजूर | नाखून | कानून |
| मजदूर | मशहूर | सूरदास | शूरवीर | चबूतरा | राजदूत |

## वाक्यों को बोलकर पढ़ो


राजू उठ। पूजा कर। कपूर जला। दूध पी। नाखून काट। झूला झूल। सूरज निकल आया। फूल खिल गए। अब काजू खा। पूजा झूल रही थी। कालू भालू कूद रहा था।



# अभ्यास



✦ **चित्र देखकर उनके नाम लिखो–**

✦ **चित्र पहचानकर नाम पूरे करो–**

तर __ ज  __ ली  __ ता  भा __

✦ ◯ **में दिए गए वर्ण पर 'ऊ' की मात्रा ( ू ) लगाकर शब्दों को पुनः लिखो–**

(ल) आल  काल  चाल  ताल  भाल  बाल

✦ **अभ्यास-पुस्तिका में साफ-साफ लिखो–**

बापू  बाजू  भूमि  कसूर  मबजूत  शहतूत

# 11 'ऋ' की मात्रा ( ृ ) वाले शब्द



ग + ृ + ह = गृह



न + ृ + प = नृप



व + ृ + ष + भ = वृषभ



क + ृ + पा + ण = कृपाण

## मिलाकर लिखो व पढ़ो



| | | |
|---|---|---|
| म + ृ + दा = | व + ृ + था = | घ + ृ + त = |
| स + ृ + ज + न = | प + ृ + थ + क = | अ + म + ृ + त = |

## शब्दों को बोलकर पढ़ो



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मृग | दृश | कृत | भृगु | मृदु | कृति |
| कृपण | सदृश | मृतक | वृहद | कृषक | घृणित |
| मातृभूमि | मातृभाषा | पितृपूजा | मातृपूजा | अमृतसर | मृगनयनी |

## वाक्यों को बोलकर पढ़ो



कृषक आया। तृण लाया। घृत चख। कृपा कर। मृदा रख। पृथक मत रह। कृपण मत बन। घृणा मत कर। मृदुल एक कृषक था। अमृत का गृह विशाल था।



# अभ्यास

✦ **चित्र देखकर उनके नाम लिखो–**









✦ **चित्र पहचानकर नाम पूरे करो–**










___षक ___त ___मि ___ग

✦ **◯ में दिए गए वर्ण पर 'ऋ' की मात्रा ( ृ ) लगाकर शब्दों को पुनः लिखो–**

(त) मात पित तण मातभूमि मातपूजा पितपूजा

✦ **अभ्यास-पुस्तिका में साफ-साफ लिखो–**

कृपा मृदा घृणा सृजन अमृत मृगनयनी

# 12 'ए' की मात्रा (े) वाले शब्द

|  |  |  |  |
|---|---|---|---|
| स + े + ब = | क + े + ला = | स + प + े + रा = | ज + ल + े + बी = |
| सेब | केला | सपेरा | जलेबी |

## मिलाकर लिखो व पढ़ो

| | | |
|---|---|---|
| ब + े + टा = ______ | ब + े + टी = ______ | प + े + ट = ______ |
| स + व + े + रा = ______ | र + म + े + श = ______ | स + ह + े + ली = ______ |

## शब्दों को बोलकर पढ़ो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बेर | देर | फेर | खेल | केश | देश |
| लड़के | पहेली | हथेली | बेसन | सपने | कपड़े |
| बहेलिया | देवालय | मेघालय | पहरेदार | सूबेदार | थानेदार |

## वाक्यों को बोलकर पढ़ो-

नेक बन। सेवा कर। मेवा चख। मेज रख। खेल देख। जलेबी लेकर आ। खेत पर चल। देर मत कर। महेश कपड़े पहन। गणेश मेला देखने चल। नरेश देश की सेवा कर।




# अभ्यास

✦ चित्र देखकर उनके नाम लिखो–

✦ चित्र पहचानकर नाम पूरे करो–

___ला ___ज ठ___रा लाल___न

✦ ◯ में दिए गए वर्ण पर 'ए' की मात्रा (`) लगाकर शब्दों को पुनः लिखो–

(त) आत जात पात नात लात खात

✦ अभ्यास-पुस्तिका में साफ-साफ लिखो–

बेल जेल रेल नवेली दावेदार डहेलिया

# 13 'ऐ' की मात्रा ( ै ) वाले शब्द



म + ै + ना = मैना




प + ै + सा = पैसा



स + ै + नि + क = सैनिक



त + त + ै + या = ततैया

## मिलाकर लिखो व पढ़ो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| स + ै + र = | | म + ै + ला = | | क + ै + सा = | |
| द + ै + नि + क = | | व + ै + भ + व = | | श + ै + श + व = | |

## शब्दों को बोलकर पढ़ो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खैर | गैर | तैर | नैना | वैसा | मैदा |
| लठैत | डकैत | गवैया | कैलाश | हैरान | वैदिक |
| नैनीताल | पैदावार | बैजनाथ | कैदखाना | मैनपुरी | हैदराबाद |

## वाक्यों को बोलकर पढ़ो

वैभव आया। वैभव कैरम लाया। भैया बैल पकड़। जुनैद अब तैर। गवैया आया। गैस जला। सैर कर। भैरव बैटरी ला। हैदर थैला साफ कर। सैनिक अटैची लेकर नैनीताल जा।



# अभ्यास



✦ चित्र देखकर उनके नाम लिखो–










✦ चित्र पहचानकर नाम पूरे कीजिए–









___या    अ___ची    ___मरा    ___ला

✦ ◯ में दिए गए वर्ण पर 'ऐ' की मात्रा (ै) लगाकर शब्दों को पुनः लिखो–

(व)   वसा   वभव   वशाली   वदिक   गवया   सवया

✦ अभ्यास-पुस्तिका में साफ-साफ लिखो–

पैर   नैना   नैतिक   कैलाश   बैलगाड़ी   खपरैल